# सिवनी नगर पालिका में अव्यवस्थाओं का अंबार

**गंदा पेयजल, टूटी सड़कें, बजबजाती नालियां, बंद स्ट्रीट लाइट और सफाई व्यवस्था चौपट : फिरोज खान**




**सिवनी नवभारत। शहर की जनता आज मूलभूत सुविधाओं के लिए दर-दर भटकने को मजबूर है। नगर परिषद की लापरवाही और अव्यवस्थित कार्यप्रणाली के कारण सिवनी शहर में समस्याओं का अंबार खड़ा हो गया है। कांग्रेस नेता फिरोज खान ने नगर परिषद और भाजपा नेतृत्व पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि भाजपाई परिषद सत्ता के नशे में चूर होकर जनता की परेशानियों से पूरी तरह बेखबर हो चुकी है।**

फिरोज खान ने जारी बयान में कहा कि शहर के अनेक वार्डों में कीचड़युक्त और बदबूदार पेयजल की आपूर्ति हो रही है। लोग गंदा पानी पीने को मजबूर हैं, लेकिन परिषद के जिम्मेदार पदाधिकारी और अधिकारी आंखें मूंदे बैठे हैं। हालात इतने खराब हैं कि भाजपा के अपने पार्षद भी परिषद की कार्यशैली पर सवाल उठाने लगे हैं।

उन्होंने कहा कि केवल पेयजल ही नहीं, बल्कि पूरे शहर की व्यवस्था चरमराई हुई है। कई वार्डों की सड़कें गड्ढों में तब्दील हो चुकी हैं, नालियां महीनों से साफ नहीं हुईं, जगह-जगह कचरे के ढेर लगे हैं और बदबू से लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। बरसात पूर्व नालों की सफाई नहीं होने से जलभराव की स्थिति बनने लगी है, लेकिन परिषद के जिम्मेदार लोग केवल कागजी दावे करने में व्यस्त हैं। फिरोज खान ने आरोप लगाया कि नगर परिषद में भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी का खेल खुलकर चल रहा है। विकास कार्यों के नाम पर लाखों रुपये खर्च दिखाए जाते हैं, लेकिन जमीन पर कोई काम नजर नहीं आता। स्ट्रीट लाइट बंद पड़ी हैं, सार्वजनिक स्थानों की सफाई ठप है और नागरिक सुविधाएं पूरी तरह भगवान भरोसे चल रही हैं।

उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द व्यवस्थाओं में सुधार नहीं हुआ तो कांग्रेस पार्टी जनता के साथ मिलकर उग्र आंदोलन करेगी और नगर परिषद कार्यालय का घेराव किया जाएगा। जनता अब जवाब चाहती है और भाजपा परिषद को अपनी विफलताओं का हिसाब देना ही होगा।

**शहर की पेयजल व सफाई व्यवस्था डगमगाई**

उन्होंने कहा कि शहर की जनता टैक्स समय पर देती है, लेकिन बदले में उन्हें गंदगी, बदबू, टूटी सड़कें और दूषित पानी मिल रहा है। यह नगर परिषद की प्रशासनिक विफलता का सबसे बड़ा प्रमाण है। भाजपा परिषद जनता की सेवा करने के बजाय केवल राजनीतिक प्रचार और दिखावे में लगी हुई है। कांग्रेस नेता ने मांग की कि शहर की पेयजल व्यवस्था, सफाई व्यवस्था, सड़क निर्माण कार्य और नाली सफाई की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए। साथ ही लापरवाह अधिकारियों और जिम्मेदार परिषद पदाधिकारियों पर तत्काल कार्रवाई की जाए।

## अवैध रूप से खनिज परिवहन करते तीन वाहन पकड़े



**नव भारत न्यूज**
**पांढुरना, 21 मई,** कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ के निर्देशानुसार जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम के लिए खनिज विभाग द्वारा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में आकस्मिक निरीक्षण एवं कार्रवाई की गई।

क्षेत्र निरीक्षण के दौरान दिनांक 20 मई 2026 को पांढुर्णा तहसील अंतर्गत ग्राम कलमगांव-बनगांव मार्ग पर खनिज मुरुम एवं गिट्टी का अवैध परिवहन करते हुए दो डम्पर क्रमांक MH27DT4600 एवं MP28H9781 पाए गए। इस पर खनि नियमाधीन प्रावधानों के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए दोनों वाहनों को खनिज सहित शासकीय रूप से जप्त किया गया। इसी प्रकार दिनांक 21 मई 2026 को सौंसर तहसील अंतर्गत ग्राम आमला-छिंदवाड़ा मार्ग पर खनिज रेत का अवैध परिवहन करते हुए ट्रैक्टर क्रमांक MP28ZR4853 मय ट्रॉली पाया गया। उक्त वाहन को भी खनिज रेत सहित खनि नियमाधीन प्रावधानों के अंतर्गत शासकीय रूप से जप्त किया गया। जप्त वाहन को खनिज सहित पुलिस थाना सौंसर परिसर में शासकीय अभिरक्षा में खड़ा कराया गया है। वाहनों द्वारा खनि नियमाधीन प्रावधानों का उल्लंघन करते हुए खनिज का अवैध परिवहन किए जाने पर प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है तथा जुर्माना राशि अधिरोपित किए जाने के लिए प्रकरण माननीय कलेक्टर न्यायालय पांढुर्णा के समक्ष निर्णयन के लिए प्रस्तुत किए जाने की कार्रवाई की जाएगी। उक्त कार्रवाई के दौरान सहायक खनि अधिकारी महेश नगपुरे एवं खनिज विभागीय अमला उपस्थित रहा।

### एक नजर में

## 42 वर्षीय दिनेश बरमैया रहस्मय ढंग से लापता



छपारा। नगर के संजय कॉलोनी निवासी एक युवक विगत 19 मई की शाम से हैं लापता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, संजय कॉलोनी (गणेश मंदिर के सामने, वार्ड क्रमांक 4) निवासी दिनेश बरमैया (पिता घुरचन्द बरमैया), जो कि पेशे से कैटरिंग का कार्य करते हैं, बीती 19 मई 2026 की शाम करीब 5:30 बजे से बगैर बताए कहा चला गया है यदि आपको इस हुलिए का कोई भी व्यक्ति दिखाई दे, तो तुरंत स्थानीय पुलिस या नीचे दिए नंबरों पर सूचित करें। यदि किसी भी नागरिक को इस व्यक्ति के संबंध में कोई भी जानकारी या सुराग मिले, तो कृपया तुरंत छपारा पुलिस थाना या पीड़ित परिवार के मोबाइल नंबर 91-7723866700 पर संपर्क कर जानकारी साझा करें, ताकि एक परिवार का सदस्य सकुशल अपने घर लौट सके।

## 50 हजार रुपये के लिए दो साल से भटक रहा पीड़ित

**सिवनी।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत साइबर फॉड के एक मामले में कोर्ट के स्पष्ट आदेश के बावजूद पीड़ित को अब तक उसकी 50 हजार रुपये की राशि वापस नहीं मिल सकी है। पीड़ित वेदप्रकाश सूर्यवंशी पिछले लगभग दो वर्षों से थाना, अधिकारियों और बैंक प्रक्रिया के बीच भटक रहे हैं, लेकिन अब तक उन्हें न्याय नहीं मिल पाया है। जानकारी के अनुसार ग्राम नदौरा थाना लखनवाड़ा निवासी वेदप्रकाश सूर्यवंशी का मोबाइल 9 मई 2024 को छिंदवाड़ा चौक क्षेत्र में कहीं गिर गया था। इसके बाद उनके खाते से फोन-पे के माध्यम से लगभग 75 हजार रुपये की राशि निकल गई। घटना के बाद 11 मई 2024 को वे कोतवाली थाना पहुंचे, जहां लिखित आवेदन देने के साथ उन्हें साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी गई। शिकायत दर्ज होने के बाद एक्नॉलेजमेंट क्रमांक 32105240014568 जारी हुआ और 50 हजार रुपये की राशि भारतीय स्टेट बैंक के एक खाते में होल्ड कर दी गई। पीड़ित का आरोप है कि मामला पहले कोतवाली थाना से लखनवाड़ा थाना और फिर वापस कोतवाली थाना भेज दिया गया। इस दौरान वह लगातार कार्रवाई और राशि वापसी के लिए चक्कर लगाता रहा। कोतवाली थाना के कंप्यूटर ऑपरेटर द्वारा कोर्ट से आदेश आने पर राशि वापस होने की बात कही गई थी। मामले में 10 सितंबर 2025 को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सिवनी श्रीमती कला भस्मकर द्वारा आदेश जारी कर भारतीय स्टेट बैंक शाखा सीकर, राजस्थान स्थित खाते में होल्ड 50 हजार रुपये की राशि आवेदक के पंजाब नेशनल बैंक खाते में स्थानांतरित करने के निर्देश दिए गए। न्यायालय के आदेश के पालन में कोतवाली थाना द्वारा संबंधित बैंक को पत्र भी भेजा गया तथा स्पीड पोस्ट एवं ई-मेल के माध्यम से प्रक्रिया पूरी किए जाने की जानकारी दी गई।

## प्रशिक्षण वर्ग की तैयारियों को लेकर हुई भाजपा की बैठक



सिवनी। भारतीय जनता पार्टी के पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के अंतर्गत आयोजित होने वाले जिला प्रशिक्षण वर्ग की तैयारियों को लेकर आज महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक श्रीमती मीना बिसेन की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष श्रीमती बिसेन ने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग में अनुशासन का विशेष रूप से ध्यान रखा जाए तथा सभी व्यवस्थाएं संगठन की गरिमा के अनुरूप सुव्यवस्थित ढंग से संचालित हों। जिला प्रशिक्षण वर्ग प्रभारी श्री सत्यनारायण अग्रवाल ने बैठक में प्रशिक्षण वर्ग की व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए विभिन्न जिम्मेदारियों का वितरण किया। उन्होंने कहा कि 23 एवं 24 मई को आयोजित होने वाला जिला प्रशिक्षण वर्ग संगठनात्मक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित एवं अनुशासित रूप से सुनिश्चित की जाएं। बैठक के पश्चात प्रभारी श्री अग्रवाल ने प्रशिक्षण वर्ग स्थल दा ग्रेंड रजवाड़ा सेलीब्रेशन का निरीक्षण भी किया तथा आवास, भोजन, पंजीयन, तकनीकी व्यवस्था, बैठक कक्ष एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। बैठक में प्रशिक्षण के संभागीय प्रभारी एवं भाजपा जिला महामंत्री श्री गजानंद पंचेश्वर, जिला महामंत्री श्री मुकेश बघेल, उपाध्यक्ष आनंद शर्मा, श्री संतोष नगपुरे, डॉ. अभिजीत चौहान, गोमती ठाकुर, नवनीत सिंह ठाकुर, श्री पीयूष दुबे सहित अन्य जिम्मेदार पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में प्रशिक्षण वर्ग को सफल एवं अनुशासित ढंग से संपन्न कराने हेतु सभी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों से समन्वय बनाकर कार्य करने का आग्रह किया गया।

## भागवत कथा के तीसरे दिन श्रोताओं ने सुनी ध्रुव व विदुर चरित्र का प्रसंग





**सिवनी नवभारत।** विकासखण्ड बरघाट अंतर्गत गांव गोरखपुर (खामी) में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के तीसरे दिन बुधवार को कथावाचक पं. दिनेश मिश्रा ने ध्रुव व विदुर चरित्र की कथा का प्रसंग श्रद्धालुजनों को सुनाया।

उन्होंने कहा कि अगर ध्रुव पांच साल की उम्र में भगवान को पा सकता है, तो फिर हम कैसे पिछड़ सकते हैं। अगर सच्चे मन से भगवान की भक्ति की जाए, तो भगवान खुद अपने भक्तों से मिलने पहुंच जाते है। वहीं विदुर प्रसंग में भगवान श्रीकृष्ण के प्रेम की व्याकुलता के बारे में उन्होंने विस्तार से बताते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण विदुरजी की कुटिया में भोजन करने गए और वहां केले के छिलकों का भोग स्वीकारा। इससे पहले वे दुर्योधन के महल में छप्पन भोग का त्याग कर आए थे। भगवान तो प्रेम के भूखे होते हैं और विदुर-विदुरानी ने भगवान को प्रेम से भोजन करवाया तो उन्होंने केले के छिलके भी प्रेम से खा लिए। कथा के दौरान पं. मिश्रा ने श्रद्धालुओं के समक्ष सृष्टि वर्णन के प्रसंग को भी विस्तार से सुनाया। कथा आयोजक गजानंद रहांगडाले ने बताया कि कथा श्रवण करने बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन पहुंच रहे हैं।

## मथुरा से गिरफ्तार 2 शातिर चोर, 10 लाख का ट्रैक्टर-ट्रॉली बरामद

**लखनादौन पुलिस को मिली सफलता, अंतर्राज्यीय ट्रैक्टर चोर गिरोह का पर्दाफाश**



**लखनादौन नवभारत।** पुलिस अधीक्षक सिवनी कृष्ण लालचंदानी (भा.पु.से.) के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा तथा एसडीओपी लखनादौन अपूर्व भलावी के मार्गदर्शन में थाना लखनादौन पुलिस ने अंतर्राज्यीय ट्रैक्टर चोर गिरोह का पर्दाफाश कर 2 शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 10 लाख रुपये कीमत का जॉन डियर ट्रैक्टर मय ट्रॉली बरामद की गई है।

गत 31.03.2026 को प्रार्थी इमरत लाल विश्वकर्मा निवासी ग्राम बम्होडी, थाना लखनादौन ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि दिनांक 30.03.2026 की रात्रि उनके भांजे द्वारा हाईवे किनारे बम्होडी में खड़ा किया गया जॉन डियर कंपनी का ट्रैक्टर क्रमांक एमपी 22 जेडडी 9587 मय ट्रॉली को कोई अज्ञात बदमाश चोरी कर ले गया। रिपोर्ट पर थाना लखनादौन में अपराध क्रमांक 150/2026, धारा 303(2) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर थाना प्रभारी लखनादौन निरीक्षक के.पी. धुर्वे के नेतृत्व में टीम गठित की गई। टीम द्वारा सीसीटीवी फुटेज एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर अज्ञात आरोपियों की पतासाजी शुरू की गई। जांच में 02 अज्ञात व्यक्तियों द्वारा ट्रैक्टर चोरी कर मथुरा, उत्तर प्रदेश की ओर ले जाने की जानकारी मिली।

तकनीकी सहायता से संदिग्धों की पहचान कर पुलिस टीम ने नागपुर एवं तेलंगाना से हिरासत में लिया। सख्ती से पूछताछ करने पर आरोपियों ने ट्रैक्टर-ट्रॉली चोरी करना स्वीकार किया। आरोपियों की निशानदेही पर चोरी गया ट्रैक्टर मय ट्रॉली मथुरा (उ.प्र.) से बरामद किया गया।

इस मामले में पुलिस ने देवीसिंह उर्फ देवू पिता चरनसिंह ठाकुर (राजपूत), उम्र 35 वर्ष, निवासी राधेश्याम कॉलोनी, जयसिंहपुरा, थाना गोविंद नगर, जिला मथुरा (उ.प्र.) एवं अमित कुमार जाटव पिता बालकिशन जाटव, उम्र 19 वर्ष, निवासी ग्राम पिंगरी, थाना फरहद, जिला मथुरा (उ.प्र.) को गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार आरोपी देवीसिंह के विरुद्ध पूर्व से उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ व मथुरा में हत्या के प्रयास, धोखाधड़ी आदि के प्रकरण पंजीबद्ध हैं। दोनों आरोपियों का पुलिस रिमांड प्राप्त कर अन्य वारदातों के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

इस कार्यवाही में थाना प्रभारी लखनादौन निरीक्षक के.पी. धुर्वे, सउनि प्रदीप शर्मा, सउनि देवेन्द्र जायसवाल (सायबर सेल), आर. अजय बघेल (सायबर सेल), आर. सूरज मेहरा, आर. लकेश पटले, आर. धनेश्वर यादव, आर. दीपेश मेहरा, आर. ओमप्रकाश धुर्वे, आर. शिवम बघेल की विशेष सराहनीय भूमिका रही।

## जो खिलाड़ी तालमेल बनाकर खेलते हैं वे सफल होते हैं : महेंद्र पांडया



**सिवनी नवभारत।** जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित समर कैंप में इस वर्ष खेल के साथ-साथ खिलाड़ियों के बौद्धिक विकास को लेकर विभिन्न विषयों पर सीनियर खिलाड़ियों द्वारा विचार रखे जा रहे हैं इसी तर्कव्य में मेजर ध्यानचंद हॉकी टर्फ मैदान में खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए सीनियर खिलाड़ी महेंद्र पांडे अशोक नाविक आशीष जोसेफ एवं पत्रकारिता से संजय जैन द्वारा विचार रखे गए इस अवसर पर जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग की अधिकारी मनु धुर्वे उपस्थित रही।

सीनियर खिलाड़ी महेंद्र पांडे ने कहा कि पुराने खेल एवं वर्तमान खेल में बहुत अंतर है पहले खिलाड़ियों को इतने अच्छे खेल मैदान एवं संसाधन नहीं मिल पाए थे इसके बावजूद भी अपनी खेल प्रतिभा के दम पर खिलाड़ी राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलते थे और जिले का नाम रोशन करते थे इसमें सबसे बड़ी बात यह है कि खिलाड़ी को खेल मैदान में जाने से पूर्व अपनी सेहत का ध्यान रखना चाहिए जिससे वह स्वस्थ रहे और खेल मैदान में जाने के बाद अपना प्रदर्शन कर सके इस अवसर पर खिलाड़ी मुमताज अली ने कहा कि कोई भी व्यक्ति एक दिन में महान नहीं बनता इसके लिए उसकी बरसों की मेहनत एवं परिश्रम उसे उसे स्थान तक पहुंचना है खिलाड़ी को नशे से दूर रहना चाहिए तथा रात्रि में जल्दी सोना चाहिए एवं सुबह उठकर अपने खेल का अभ्यास नियमित करना चाहिए एवं सीनियर खिलाड़ियों से खेल की तकनीकी विशेषताओं की जानकारी प्राप्त करना चाहिए तभी वह सफल खिलाड़ी बन पाते हैं हॉकी के सीनियर खिलाड़ी आशीष जोसेफ ने कहा कि खिलाड़ी को एक सेकंड का सौ वा भाग को भी गंभीरता से लेना चाहिए हॉकी खेल वैसे तो 70 मिनट का खेल होता है लेकिन इसके लिए हमें 210 मिनट खेल की तैयारी करना पड़ता है तभी हम मैच को जीत सकते हैं अच्छे खिलाड़ी के गुण होते हैं कि वह खेल भावना से खेल और अपनी टीम के लिए खेल ना कि अपने लिए अपने देश के लिए खेल और अपने देश को महान बनाएं

इस अवसर पर हॉकी संघ के अध्यक्ष धन्नालाल गौर एवं अशोक नाविक में आयोजन में पहुंचकर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया साथ ही उन्होंने अपने बीते दिनों की स्मृतियों को खिलाड़ियों के समक्ष रखा इस अवसर पर हॉकी के वरिष्ठ खिलाड़ी राशिद कुरैशी एवं अधिकारी मनु धुर्वे ने भी बताया कि खेल किस तरह से खेला जाता है एवं खेल के साथ-साथ पढ़ाई भी जरूरी है क्योंकि अंत में पढ़ाई ही काम आती है इस बात का भी खिलाड़ी को ध्यान रखना चाहिए और अपने परिवार के साथ समन्वय बनाकर चलना चाहिए। अंत में आभार व्यक्त राशिद कुरैशी द्वारा किया गया।




## समर केम्प में खेल,योग और आर्ट क्राफ्ट में निखर रही प्रतिभा

**बरघाट नवभारत।** नगर के पी एम श्री शास. कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित समर केम्प में खेल,संगीत, और आर्टक्राफ्ट में बच्चे उत्साह के साथ भाग ले रहे है।

संस्था के नोडल खेल प्रभारी आशीष दीक्षित ने बताया कि लोक शिक्षण संचालनालय के आदेशानुसार 1 मई से आयोजित समर कैंप में क्रिकेट के साथ साथ टेबिल टेनिस, कबड्डी,कराटे, बेडमिंटन ,आर्ट एंड क्राफ्ट,योगा, संगीत,डांस का प्रशिक्षण छात्र-छात्राओं को प्रतिदिन प्रात: 6 बजे से 8 बजे तक दिया जा रहा है इस समर केम्प का बच्चे भी भरपूर लुफ्त उठा रहे है।

इस समर कैंप में गत दिवस नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती ईमरता साहू एवम युवा व्यवसायी शशांक रानू जैन द्वारा बच्चों को टेस्टी बिस्किट प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया।

समर केम्प में खेलो के अलावा विभिन्न गतिविधियों में विशेषज्ञों द्वारा रोचक तरीके से प्रशिक्षण दिया जा रहा है जिसमे पेंटिंग में श्रीमती प्रीति राहंगडाले, आर्ट एंड क्राफ्ट में श्रीमती वीना मेश्राम,मेहंदी में श्रीमती ऋतु उईके, संगीत में अंकित गौतम, और योग में विलास चकोले प्रतिभागियों को निखारने में लगे हुए है।संस्था के पी एम श्री प्रभारी श्री अनिल अवधवाल द्वारा बच्चो को प्रोत्साहित किया जा रहा है।उक्त समर केम्प का समापन 1 जून को किया जावेगा।

**दबंगई** ▸ रानी दुर्गावती वार्ड के निवासियों ने छह लोगों के खिलाफ खोला मोर्चा; गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का लगाया आरोप

# पानी पर पहरा, सरकारी कुएं और तालाब पर अवैध कब्जे की शिकायत



**छपारा नवभारत।** एक ओर जहां पूरा इलाका इस समय रिकॉर्ड तोड़ भीषण गर्मी और जल संकट से जूझ रहा है, वहीं दूसरी ओर छपारा नगर परिषद के अंतर्गत आने वाले वार्ड क्रमांक 01, रानी दुर्गावती वार्ड में सरकारी जल स्त्रोतों पर अवैध कब्जे और दबंगई का एक बेहद गंभीर मामला सामने आया है। वार्ड के समस्त निवासियों ने एकजुट होकर मुख्य नगर परिषद अधिकारी (सीएमओ) को एक लिखित शिकायत पत्र सौंपकर न्याय की गुहार लगाई है।

**क्या है पूरा मामला?**

सीएमओ छपारा को सौंपे गए शिकायती पत्र में वार्ड क्रमांक 01 के स्थाई निवासियों ने बताया कि उनके वार्ड में एक पुराना शासकीय कुआं, तालाब और नाला स्थित है। इस कुएं का निर्माण पूर्व में ग्राम पंचायत सागर और तिन्सा द्वारा जनहित में कराया गया था, जिसके रख-रखाव और जीर्णोद्धार का कार्य विगत वर्ष भी नगर परिषद छपारा द्वारा कराया गया था ताकि वार्ड वासियों को पेयजल की किल्लत न हो।

ग्रामीणों का आरोप है कि वार्ड के ही कुछ रसूखदार और अनावेदकगण—जिनमें सुंदर अहाके, गंगाराम उर्फ गीताराम अहाके, सनन अहाके, अखिलेश अहाके, लालवती अहाके और कविता अहाके शामिल हैं—ने मिलकर इस शासकीय कुएं, तालाब और नाले पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया है।

**पानी लेने पर विवाद, कर्मचारियों को काम से रोका**

शिकायत पत्र में निवासियों ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उक्त अनावेदकगण किसी भी वार्ड वासी को कुएं से पानी का उपयोग नहीं करने दे रहे हैं। इतना ही नहीं, यदि नगर परिषद का कोई कर्मचारी वहां शासकीय सुधार या रख-रखाव का कार्य करने पहुंचता है, तो उसे भी काम करने से रोक दिया जाता है।

भीषण गर्मी में पानी मांगना गुनाह हो गया है वार्ड वासियों का कहना है कि जब भी कोई नागरिक पानी लेने का प्रयास करता है, तो सभी अनावेदक एकजुट होकर गाली-गलौज, मारपीट करने पर आमादा हो जाते हैं। यहां तक कि विरोध करने पर जान से मारने और झूठे मामलों में फंसाने की धमकी भी दी जा रही है।

**सैकड़ों वार्ड वासियों ने किए हस्ताक्षर और अंगूठे के निशान**

इस प्रताड़ना और जल संकट से तंग आकर वार्ड के सैकड़ों महिला-पुरुषों ने एकजुट होकर इस अन्याय के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। आवेदन के साथ संलग्न सूची में रत्नया, इंद्रावती, कविता, अनुसुइया, सुकमाबाई, शिवकुमारी, संतोबाई, बासंती, श्यामाबाई सहित बड़ी संख्या में वार्ड वासियों के हस्ताक्षर और अंगूठे के निशान मौजूद हैं, जो मामले की गंभीरता को साफ दर्शाते हैं।

**कार्रवाई की मांग**

भीषण गर्मी के इस दौर में पानी न मिलने के कारण वार्ड में त्राहि-त्राहि मची हुई है और विकास कार्य पूरी तरह ठप पड़े हैं। पीड़ितों ने मुख्य नगर परिषद अधिकारी से निवेदन किया है कि मामले को संज्ञान में लेते हुए शासकीय संपत्ति को तत्काल कब्जे से मुक्त कराया जाए और वार्ड वासियों को निर्बाध जल आपूर्ति सुनिश्चित करते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।

**कोशिश** ▸ रूफ फाल में दबी सीएम,कोयला उत्पादन हुआ प्रभावित

# 200 करोड़ की मशीन खदान में हुई दफन,

**सारनी।** तवा खदान एक में रुफ फाल होने से 200 करोड़ की मशीन जमीदोज हो गई है। खदान में फंसी मशीन को निकालने की सभी कोशिशे नाकाम साबित हो रही है। उक्त खदान में फंसी मशीन को निकालने में करीबन एक से दो माह का समय लग सकता है, मशीन फंसने से वेकोलि प्रबंधन को रोजाना करोड़ो का नुकसान उठाना पड़ रहा है। सूत्रों ने बताया कि कोल इंडिया लिमिटेड की अनुषंगी कंपनी डब्ल्यूसीएल पाथाखेड़ा क्षेत्र में रूफ फाल में कंटीन्यूअस माइनर (सीएम) दबने की खबर ने वेकोलि में हड़कंप मचा दिया है। सूत्रो का कहना है कि तवा-1 खदान के डब्ल्यू-7 सीएम सेक्शन में करीब 10 से 12 मीटर रूफ फाल कंटीन्यूअस माइनर पर हुआ है। जिससे मशीन पूरी तरह दब गई है और यहां से कोयला उत्पादन शत प्रतिशत प्रभावित हुआ है। इस घटना के बाद से लगातार अधिकारियों का दौरा खदान में हो रहा है। गौरतलब है कि 6 मार्च 2025 को पाथाखेड़ा क्षेत्र की छतरपुर-1 खदान के सीएम सेक्शन में हुए रूफ फाल में अंडर मैनेजर, माइनिंग सरदार और ओवर को अपनी जान गंवानी पड़ी थी। इस घटना से पूरा कोल इंडिया कॉप उठा था।

बावजूद इसके इस दुर्घटना से सबक लेने के बजाय बार-बार सुरक्षा नियमों की अनदेखी और अपने आपको भूमिगत खदान के विशेषज्ञ समझने की वजह से हादसे की पुनरावृत्ति हो रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार तवा-1 भूमिगत खदान में सीएम मशीन का संचालन अरविंदों कंपनी द्वारा ठेके पर महेश्वरी कंपनी को दिया गया है और यह कंपनी सीएम मशीन से प्रतिदिन करीब 1000 से 1200 टन कोयला उत्पादन कर रही थी। तवा खदान मे अचानक हुए रूफ फाल में सीएम मशीन दब गई है। जिसके उपर से मलबा हटाने का कार्य जारी है जानकर सूत्रों का कहना है कि पाथाखेड़ा क्षेत्र की भूमिगत तवा-1 खदान में दो सेक्शन से कोयला उत्पादन होता है।

**दबाव में कर रहे काम**

खदान सूत्र बताते हैं कि सब एरिया मैनेजर अरूण शर्मा और मैनेजर उमेश दुबे का व्यवहार कोयला कामगारों के प्रति ठीक नहीं है। जिसके चलते कामगार दबाव में काम कर रहे हैं। यही वजह है कि बार-बार तवा-1 खदान में दुर्घटनाएं हो रही है। खदान प्रबंधन की लापरवाही की वजह से इस खदान में पानी भरने से लगभग दो माह तक कोयला उत्पादन प्रभावित रहा है। बावजूद इसके प्रबंधन ने अपनी कार्यक्रणाली में सुधार नहीं किया है। जिसके चलते लगातार कोल इंडियाल लिमिटेड को नुकसान हो रहा है। इस खदान में लगभग 500 मेन पॉवर है.